-:प्रेस नोट:-

दिनांक-20.02.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा गुम हुई 02 बच्चिंयों के परिजनों का पता लगाकर आधे घण्टे के भीतर सकुशल किया गया सुपुर्द।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान **"ऑपरेशन मुस्कान"** के क्रम में आज दिनांक 20.02.2025 को थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा गुम हुई 02 बच्चियों के परिजनों का पता लगाकर आधे घण्टे के भीतर सकुशल सुपुर्द किया गया। गौरतलब हो कि आज दिनांक 20.02.2025 को थाना पीआरवी 4346 को सूचना प्राप्त हुई कि बांदा तिन्दवारी मार्ग पर दो बच्चियां रोती हुई मिली है जो अपना नाम पता नही बता पा रही हैं। सूचना पर पीआरवी द्वारा बच्चियों को थाना लाया गया। जिस पर थाना तिन्दवारी पुलिस टीम द्वारा कस्बा तिन्दवारी व आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए आधे घण्टे के भीतर उनके परिजनो का पता लगाकर उनके पिता सतेन्द्र पुत्र जगतपाल यादव निवासी शंकर नगर थाना तिन्दवारी को उनकी दोनो बच्चियों को सकुशल सुपुर्द किया गया। परिजन द्वारा पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए ह्रदय से धन्यवाद दिया।

पुलिस टीम का विवरण-

1. प्र0नि0 थाना तिन्दवारी श्री राजेन्द्र प्रसाद राजावत
2. उ0नि0 रोशनी सेंगर
3. का0 अमन कोष्टा
4. म0का0 प्रियंका पाण्डेय